<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

12.08.2022

खाद्य तेलों (एक घटक के रूप में एकल तेल) में मिलावट और ट्रांस-फैटी एसिड तथा उचित लेबलिंग के बिना बहु-स्रोत वाले खाद्य तेलों की बिक्री की जाँच के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा 01.08.2022 से चल रहे निगरानी अभियान के तहत देश भर में कार्रवाई जारी है।

देश भर में लिए गए निगरानी नमूनों की संख्या 3813 हो गई है, जबकि राज्यों में जब्त किए गए खुले खाद्य तेलों की संचयी मात्रा भी 22000 लीटर से अधिक हो गई है, जिसका मूल्य लगभग 29 लाख रुपये है।

अभियान 14.08.2022 तक कार्रवाई जारी रहेगी और विश्लेषण के लिए मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में भेजे जा रहे नमूनों के परिणाम अगले सप्ताह में आने की उम्मीद है। नमूनों की विफलता के तुरंत बाद नियामक नमूने लिए जाएँगे और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 और उसके तहत बनाए गए नियमों / विनियमों के प्रावधानों के अनुसार उल्लंघन करने वाले एफबीओ के खिलाफ उचित कार्रवाई शुरू की जाएगी।

*****

मीडिया के प्रश्नों के लिए संपर्क करें:

रुचिका शर्मा

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण

ई: sharmaruchika.21@gmail.com